मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-430
03/10/2022

मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की

पटना, 03 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज महाअष्टमी के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति स्थित माँ दुर्गा मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा समिति की ओर से मुख्यमंत्री का चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया गया।

ठाकुरबाड़ी में मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नाला रोड स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम पर माता रानी का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर उनका अभिनंदन किया। यहां से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार लंगरटोली स्थित बंगाली अखाड़ा दुर्गा मंदिर गए जहां उन्होंने देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन किए।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित काली मंदिर जाकर शक्ति की देवी माँ दुर्गा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढ़िल्लो सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******